6. सर्वप्रथम मैं नियोजक द्वारा उठाई गई प्राथमिक आपत्तियों का निपटारा करूंगा। क्लेम के प्रत्युत्तर के अनुसार ही श्री जे. पी. जैन नियोजक साक्षी ने भी अपने शपथ पत्र में कहा है कि जनता के स्वस्थ मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने हेतु जनहित में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अप्रार्थी संस्थान कायम किया है। इसके स्थाई व अस्थाई कर्मचारियों पर संविधान के अनुच्छेद 309 के अन्तर्गत बनाये गये सेवा नियम लागू होते हैं और इस प्रकार अप्रार्थी संस्थान उद्योग की परिभाषा में नहीं आता। तर्क के लिए यह मान भी लिया जाये कि अप्रार्थी संस्थान भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन है और इसके कर्मचारी पर अनुच्छेद 309 के अन्तर्गत बनाये गये सेवा नियम लागू होते हैं तो भी इससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि अप्रार्थी संस्थान औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2(जे) के अन्तर्गत उद्योग की परिभाषा में नहीं आता है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने बेंगलोर वाटर सप्लाई एवं सीवेज बोर्ड बनाम ए. राजप्पा 1978 (2) एस.सी.सी. 213 तथा एस. के. शर्मा बनाम महेश चन्द 1983 (4) एस. सी. सी. 1914 आदि न्याय दृष्टान्तों में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि जहां पर सिस्टमैटिक एक्टिविटी हो नियोजक अथवा नियोजित के सहयोग से कोई उत्पादन हो रहा हो अथवा किसी प्रकार की सेवा की जा रही हो तो उक्त संस्थान उद्योग की परिभाषा में ही आयेगा चाहे उसमें लाभ की बजाय हानि ही होती हो। उक्त न्याय दृष्टान्त में यह भी उल्लेख कर दिया था कि चाहे कोई विभाग सोवरिन फंक्शन

ही क्यो न करता हो उसमे भी अगर कोई यूनिट उपरोक्त तीनों आवश्यकताएं पूरी करती है तो उद्योग को परिभाषा में आ जायेगी । अतः उपरोक्त समस्त कारणों से नियोजक द्वारा उठाई गई प्रारंभिक आपत्ति खारिज की जाती है ।

7. जहां तक प्रार्थी संस्थान द्वारा श्रमिकों का विवाद खड़ा करने का प्रश्न है चाहे अप्रार्थी संस्थान ने प्रार्थी संघ को मान्यता नहीं दी हो तो भी उक्त संघ श्रमिकों को विवाद उठाने मे सक्षम है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सर्वश्री शिव कुमार व राम अवतार को सेवा मुक्ति का विवाद है जो उक्त श्रमिकगण धारा 2-ए के अन्तर्गत स्वयं भी उठा सकते हैं। इस पत्रावली में जो क्लेम प्रस्तुत किया गया है इस पर दोनों श्रमिकों ने भी हस्ताक्षर किए हैं इसलिए अप्रार्थी का यह तर्क भी चलने योग्य नहीं है और खारिज किया जाता है।

8. गुणावगुण पर श्रमिकों का कथन यह है कि उन्होंने जनवरी 1984 से 31-1-86 से बिना व्यवधान के निरंतर सेवा की है। उक्त तथ्यों को अप्रार्थी ने अस्वीकार किया है और कहा है कि 3-9-84 से 15-11-84 तक ही श्रमिकों ने कार्य किया है और प्रत्येक श्रमिक ने 74 दिवस से अधिक कार्य नहीं किया । किस पक्षकार के कथनों में सत्यता है, इस बाबत अभिलेख पर उपलब्ध मौखिक एवं प्रालेखिक साक्ष्य का निरीक्षण आवश्यक है। श्रमिकगण सर्वश्री शिव कुमार व राम अवतार ने अपने शपथ पत्रों में भी दर्ज किया है कि उन्होंने टी. वी. मेन्टीनैंस सैन्टर श्रीगंगानगर में 1-1-84 को दैनिक वेतनभोगी श्रमिक नियुक्त किया गया था। 1-1-84 से 31-1-85 तक निरंतर व लगातार बिना किसी ब्रेक के उन्होंने ड्यूटी अंजाम दी है । प्रति परीक्षा करने पर शिव कुमार कहता है उसे 31-1-85 को हटाया था 31-1-86 को नहीं हटाया । 31-1-85 तक का वेतन हमें मिल गया । 15-11-84 तक हमने मस्टररौल पर काम किया था। 1-1-84 को भी मस्टररौल पर लगाया गया था । इसी प्रकार राम अवतार श्रमिक भी प्रति परीक्षा में कहता है 3-9-84 से 15-11-84 तक वर्कचार्ज में रखा था, उसके बाद से दैनिक वेतन पर रखा था, 15-11-84 के बाद से सत्य प्रकाश जी ने काम लिया । 31-1-85 के बाद काम नहीं लिया । इन श्रमिकों के उपरोक्त अपुष्ट मौखिक कथनों पर निभर नहीं किया जा सकता क्योंकि क्लेम में तो 31-1-86 तक काम करना बताते है और शपथ पत्र में 31-1-96 तक ही टाईप किया हुआ है जिसे तत्पश्चात हाथ से 31-1-85 किया गया है । अगर वास्तव में इन श्रमिकों से 3-9- 4 से 15-11-84 के पहले या बाद में काम लिया गया था तो उन्होंने उक्त अवधि बाबत अप्रार्थी से संबंधित रिकार्ड क्यों नहीं मंगवाया । किसी भी श्रमिक ने न तो अपने शपथ पत्र में यह दर्ज किया कि 3-9-84 से 15-11-84 के पहले या बाद में किस व्यक्ति ने उनसे कहां पर क्या काम कराया था और न ही नियोजक साक्षी से उक्त विषय में प्रति परीक्षा की गई है । अगर वास्तव में 15-11-84 के उपरांत श्रमिकों ने काम किया था तो 23-12-85 को जो श्रमिकों ने प्राधिकारा वेतन भुगतान श्रीगंगानगर के समक्ष वाद सं. 575/85 व 576/85 प्रस्तुत किए थे उनमें इसका उल्लेख क्यों नहीं किया। उपरोक्त दोनों प्रार्थना पत्रों की प्रतियां नियोजक पक्ष की ओर से अभिलेख पर पेश की गई हैं जो प्रदर्श एम-1 व एम-2 है । श्रमिक राम अवतार की तरफ से प्रदर्श पी-2 प्रमाण पत्र पेश किया गया है जो ओ. पी. जैन का हस्ताक्षरयुक्त है उसमें 1-11-84 से 15-11-84 तक सेवा करने का उल्लेख श्रमिक राम अवतार अपने शपथ पत्र में दर्ज करता है । उक्त ओ. पी. जैन का तो परीक्षण नहीं कराया गया तथा पी-2 प्रमाण पत्र में भी 1-4-84 में संख्या 4 पर ओवर राईटिंग हो रही है संभवतः यह 1-11-84 था जिसे 1.4 बनाया गया है, मेरी उक्त धारणा की पुष्टि इसलिए भी होती है क्योंकि नियोजक साक्षी श्री जे. पी. जैन ने अपने शपथ पत्र में ही यह दर्ज कर दिया है कि 1-11-84 से 15-11-84 तक सर्वश्री शिव कुमार व राम अवतार को नियोजित रखा गया था। उपरोक्त परिस्थितियों में प्रदर्श पी-2 पर निभर नहीं किया जा सकता ।

9. हालांकि क्लेम के प्रत्युत्तर में तो नियोजक ने यह कहा है कि उसके यहां इन श्रमिकों ने 74 दिवस से अधिक सेवा नहीं की। परन्तु नियोजक साक्षी श्री जैन अपने शपथ पत्र की चरण सं. 12 में यह स्वीकार करते है कि 16-11-84 से 30-11-84 तक शिव कुमार ने 13 दिन व राम अवतार ने 14 दिन सेवा की है। 1-12-84 से 15-12-84 तक राम अवतार ने 13 दिवस सेवा की है । 16-12-84 से 31-12-84 तक राम अवतार ने 14 दिन सेवा की है । 24-12 84 से 31-12-84 तक शिव कुमार ने 6 दिन सेवा की है । 1-1-85 से 9-1-85 तक राम अवतार ने 8 दिन सेवा की है। इसी प्रकार शिव कुमार ने 3-9-84 से 15-9-84 तक जो 74 दिन सेवा की थी उसके अलावा 19 दिवस और सेवा की है तथा उसकी कुल सेवा 93 दिवस ही बनती है और राम अवतार ने भी 3-9-84 से 15-11-84 तक 74 दिन सेवा के उपरांत 49 दिवस और सेवा की है और उसने भी कुल सेवा 123 दिवस ही की है । नियोजक साक्षी यह भी कहता है कि शिव कुमार ने संस्थापन अधिकारी के पास 26-3-84 से 31-7-84 तक 34 दिवस काम किया । उक्त अर्से का भी अगर शिव कुमार को लाभ दिया जावे तो कुल 127 दिवस ही सेवा बनती है । हालांकि नियोजक के अनुसार दूरदर्शन केन्द्र पर तो 74 दिवस ही सेवा की गई है । दूरदर्शन अनुरक्षण केन्द्र पर शिव कुमार ने 19 दिन तथा राम अवतार ने 49 दिवस सेवा की है तथा दूरदर्शन के संस्थापन अधिकारी के पास शिव कुमार ने 34 दिन सेवा की है। तीनों सेवाओं का मिलान करने पर भी राम अवतार की 123 और शिव कुमार की 127 दिवस ही बनते हैं। अभिप्राय यह है कि 240 दिवस की सेवा नहीं बनती अतः धारा 25-एफ के प्रावधान लागू नहीं किए जा सकते । प्रार्थी संघ की तरफ से धारा 25-एफ के प्रावधानों का ही उल्लेख किया गया है धारा 25-जी और 25-एच बाबत न तो रैफरेंस ही प्राप्त हुआ है और न ही क्लेम में उक्त तथ्यों का उल्लेख है इसलिए धारा 25-जी

और 25-एच बाबत पक्षकारों की साक्ष्य भी नहीं आई है। धारा 25-एफ साबित नहीं होने से ये श्रमिकगण किसी अनुतोष के अधिकारी नही है और इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार किया जाता है :

"श्रमिकगण सर्वश्री राम अवतार व शिव कुमार की सेवा मुक्ति करना उचित एवं वैध है और ये कर्मकार किसी अनुतोष के अधिकारी नहीं है।"

10. अवार्ड की प्रति भारत सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत धारा 17(1) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के पढ़ाई जावे।

जगत सिंह, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 21 जुलाई 1992

का. आ. 2282.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डिवीजनल इंजीनियर (टेलीग्राम) सवाईमाधोपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 16-7-92 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-40012/76/89-आई-आर (डीयू) (पार्ट)]

के. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 21st July, 1992

S.O. 2282.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Divisional Eng. (Telegraphs) Sawaimadhopur and their workmen, which was received by the Central Government on 16-7-92.

[No. L-40012/76/89-IR(DU)(Pt.)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रिय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं० सी० आई० टी० 6/90

केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या :

एल 40011/76/89 आईआर (डीयू) दि. 15-1-90

जगराम पुत्र श्री रामफूल माली, गांव कुनकाटा, तहसील गंगापुर सिटी, जिला सवाईमाधोपुर।

बनाम

डिवीजनल इंजीनियर (टेलीग्राफ) सवाईमाधोपुर।

उपस्थिति

माननीय न्यायाधीश श्री जगत सिंह, आर.एच.जे.एस.

श्रमिक पक्ष की ओर से : श्री कानसिंह राठौड

नियोजक पक्ष की ओर से : श्री एन. सी. चौधरी

दिनांक अवार्ड : 25-5-92

अवार्ड

केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय अपनी अधिसूचना सं.एल. 40012/76/89 आईआर (डीयू) दि. 15-1-90 के धारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10 (1) (घ) के अंतर्गत प्रेषित किया है—

"Whether the action of the Divisional Engineer (Telegraph) Swai Modhopur in terminating the services of Shri Jagram Mali S/o Shri Ramphool Mali w.e.f. 1-8-87 is justified? If not, what relief the workman is entitled to?"

2. प्रार्थी जगराम जिसे तत्पश्चात् श्रमिक संघ संबोधित किया गया है, ने जरिये क्लेम प्रकट किया कि उसकी नियुक्ति विपक्षी संस्थान में हैल्पर के पद पर दिनांक 1-12-86 को 13रु. प्रतिदिन की दर से मस्ट्रोल पर केजुअल लेबर के रूप में की गई थी। तभी से वह निरंतर मेहनत व ईमानदारी से कार्य करता आ रहा था फिर भी विपक्षी संस्थान ने मौखिक आदेश द्वारा दिनांक 1-8-87 से सेवा से पृथक् कर दिया। श्रमिक कहता है उसने अलग करने के बाद से विपक्षी संस्थान से कई बार संपर्क करके कार्य पर लेने बाबत निवेदन किया लेकिन सुनवाई नहीं की गई फलस्वरूप समझौता अधिकारी के यहां विवाद खड़ा किया गया जहां पर भी विपक्षी उपस्थित नहीं हुआ इसलिए यह निर्देश अधिनिर्णय हेतु यहां पठाया है।

3. श्रमिक का कहना है कि उसने 1-8-87 को समाप्त हुए एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक कार्य किया फिर भी उसे धारा 25एफ के प्रावधानों का लाभ नहीं दिया गया अर्थात् न तो नोटिस दिया और न ही छटनी भत्ता यहां तक कि छंटनी से पूर्व वरिष्ठता सूची भी जारी नहीं की गई तथा कथित सेवा मुक्ति अगर दुराचरण के आधार पर की गई होती तो उसे आरोप पत्र देकर नियमानुसार घरेलू जांच करवाई होती। सेवा मुक्ति के समय उससे कनिष्ठ व्यक्ति कार्यरत थे। तथा सेवा मुक्ति के उपरांत भी नये व्यक्तियों को नियोजित किया गया और इस प्रकार धारा 25जी और 25एच का भी उल्लंघन किया है। श्रमिक का कहना है कि वह सेवा मुक्ति के उपरांत से बेरोजगार बैठा है इसलिए उसे सवेतन सेवा में बहाल किया जाये।

4. अप्रार्थी ने जरिये प्रतिउत्तर यह तो स्वीकार किया कि श्रमिक को 1-12-86 को केजुअल लेबर के रूप में टेम्प्रेरी कार्य के लिए रखा गया था और उसे दिनांक 31-7-87 तक कार्य किया है तत्पश्चात् कार्य पर उपस्थित नही हुआ और अपनी इच्छा से ही कार्य छोड़कर चला गया। तत्पश्चात् उसने कभी भी विभाग में न तो व्यक्तिगत संपर्क किया और न ही कोई प्रार्थना पत्र ही प्रस्तुत किया। नियोजक के अनुसार श्रमिक ने केवल 211 दिवस ही कार्य किया है उससे कनिष्ठ व्यक्ति कार्य नही कर रहा है और न ही इसके पश्चात् किसी व्यक्ति को नियोजित किया गया है। नियोजक के अनुसार श्रमिक धारा 25एफ के लाभ का अधिकारी नहीं है इसलिए उसे न तो नोटिस दिया गया और

न ही छंटनी भत्ता। नियोजक यह भी कहता है कि 31-7-87 के बाद सर्वप्रथम 13-2-89 को ही उसका वकील का रजिस्टर्ड नोटिस प्राप्त हुआ है कि उसे अवैध तरीके से सेवा मुक्त किया है। नियोजक के अनुसार अप्रार्थी का क्षेत्राधिकार सहायक श्रम आयुक्त कोटा है न कि अजमेर इसलिए रेफरैंस कानूनी गलत है।

5. अपने कथनों के समर्थन मे श्रमिक जगराम ने स्वयं का शपथ पेश कर सत्यापित कराया जिससे नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की। इसके विपरीत नियोजक की तरफ से श्री केशरसिंह ने शपथ पत्र पेश किया जिससे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की। प्रलेखिक साक्ष्य मे डब्ल्यू-1 लगायत डब्ल्यू-6 फोटो प्रति पेश की तत्पश्चात् मैने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों को विस्तारपूर्वक सुना।

6. जहां तक नियोजक की प्राथमिक आपत्ति का प्रश्न है कि उनकी सस्थान सहायक श्रम आयुक्त कोटा के क्षेत्राधिकार में आता है न कि अजमेर के। इस विषय में नियोजक साक्षी केशरसिंह ने अपने शपथपत्र में नाममात्र का भी कथन नही किया और न ही श्रमिक जगराम से उक्त विषय की प्रतिपरीक्षा की गई है। श्रमिक की तरफ से जो असफल वार्ता प्रतिवेदन डब्ल्यू-6 पेश हुआ है उसके अनुसार सहायक श्रम आयुक्त कोटा द्वारा ही समझौता वार्ता प्रारम्भ की गई थी। यह उल्लेखनीय है कि तत्पश्चात् केन्द्रीय सरकार ने इसी न्यायालय में यह निर्देश न्याय निर्णयन हेतु पाया है और यह न्यायालय केन्द्रीय औद्योगिक विवाद हेतु पूरे राजस्थान राज्य का क्षेत्राधिकार रखता है इसलिए अप्रार्थी की प्राथमिक आपत्ति निराधार मानते हुए अपास्त की जाती है।

7. गुणावगुण पर क्लेम के अनुसार ही श्रमिक जगराम ने अपने शपथ पत्र में कहा है कि उसने 1-12-86 से 31-7-87 तक अप्रार्थी की लगातार सेवा की है और 240 दिवस से अधिक कार्य किया है प्रतिपरीक्षा में भी उक्त कथनों को ही दोहराया है। क्लेम के प्रतिउत्तर मे भी नियोजक ने स्वीकार किया है कि श्रमिक ने 1-12-86 से 31-7-87 तक कार्य किया है और 211 दिवस ही कार्य किया है। नियोजक के अनुसार इस श्रमिक ने दिसम्बर 86 में 27 दिन, जनवरी 87 में 27 दिवस, फरवरी 87 में 24 दिन, मार्च में 27 दिन, अप्रैल में 26 दिन, मई में 29 जिन, जून मे 26 और जुलाई में 27 दिन कार्य किया है जो कुल 211 दिवस बनते है। ऐसा प्रतीत होता है कि नियोजक ने श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश का लाभ नहीं दिया जो जोड़ने से 243 दिन बनते हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय ने वर्कमैन आफ अमेरिकन एक्सप्रेस के न्याय दृष्टान्त मे 1985(2)एल.एल.एन 817 में यह व्यवस्था दी है कि —

"The expression actually worked under the employer" must necessarily comprehend all those days during which the workman was in the employment of the employer and for which he had been paid wages either under express or implied contract of service or by computation of days etc. sundays and other paid holidays to be treated as days "actually worked under the employer".

उपरोक्त न्याय दृष्टान्त के अनुसार साप्ताहिक अवकाश का लाभ देने पर इस श्रमिक ने 1-12-86 से 31-12-87 तक 243 दिवस कार्य कर लिया था और इसकी छंटनी धारा 25एफ प्रावधानों के विपरीत करने से उक्त सेवा मुक्ति स्वतः ही अनुचित एवं अवैध तथा शून्य हो गई है।

8. श्रमिक ने क्लेम में यह दर्ज किया है कि सेवा मुक्ति के समय वरिष्ठता सूची नहीं बनाई गई उससे कनिष्ठ व्यक्ति कार्यरत थे और सेवा मुक्ति के उपरांत नये व्यक्तियों को नियोजित किया गया तथा उसे सूचना तक नहीं दी गई। उक्त तथ्यों को भी नियोजक ने क्लेम के जबाब में अस्वीकार किया है। श्रमिक से अपेक्षा थी कि वह उन कनिष्ठ व्यक्तियों के नाम क्लेम में दर्ज करता जो उस समय कार्यरत थे और यथा सम्भव उन व्यक्तियों के भी नाम दर्ज करता जो उसकी सेवा मुक्ति के उपरांत नियोजित किये गये थे। अपने शपथ पत्र में भी श्रमिक उक्त व्यक्तियों के नाम प्रकट नहीं करता है। प्रतिपरीक्षा में कहता है कि दिनांक 31-7-87 को बुधराम, श्री किशन और प्रभु उससे कनिष्ठ थे और निकालने के बाद सतपाल, अख्तर वगैराह को रखा है। नियोजक साक्षी केशर सिंह प्रतिपरीक्षा में कहता है कि अख्तर, कालूराम, संतपाल, शिवप्रकाश, जवाहरलाल आदि जगराम से कनिष्ठ नहीं थे इस प्रकार श्रमिक की अपुष्ट साक्ष्य से यह साबित नहीं है कि सेवा मुक्ति के समय उससे कनिष्ठ व्यक्ति कार्यरत हों। स्वीकृत रूप से सेवा मुक्ति के समय श्रमिक जैसे ही मस्ट्रोल पर दैनिक वेतन पर नियोजित कैजुअल आकस्मिक श्रमिकों की वरिष्ठता सूची नहीं बनाई गई। जिस तथ्य को नियोजक साक्षी ने अपनी प्रतिपरीक्षा में स्वीकार किया है। राजस्थान उच्च न्यायालय ने जनरल मैनेजर, नोर्दन रेलवे बनाम सी.आई.टी., 1991(2) एल.एल.एन 224 तथा पटना उच्च न्यायालय ने गिरधर गोपाल तिवाडी बनाम भारत सरकार 1992(1)एल एल.एन. पेज 654 के न्याय दृष्टान्तो में भी स्पष्ट कर दिया है कि छंटनी से पूर्व वरिष्ठता सूची बनाना आज्ञापक है चाहे श्रमिक ने एक कलैण्डर वर्ष में 240 दिवस की सेवा अवधि पूरी नहीं की हो। विवेचनाधीन विवाद में तो श्रमिक ने 240 दिवस की सेवा अवधि भी पूरी करली थी इसलिए नियोजक ने धारा 25जी तथा नियम–77 की भी अवहेलना की है।

9. क्लेम के प्रतिउत्तर में नियोजक का कथन यह था कि दिनांक 31–7–87 से श्रमिक स्वेच्छा से काम पर आना बंद कर दिया। हालांकि श्रमिक ने उक्त कथनों को अस्वीकार किया है। और अपनी प्रतिपरीक्षा मे कहा है कि उससे श्री लक्ष्मण सिंह एस.डी.ओ.टी. ने कहा है कि काम नहीं है बाद में बुला लगे फिर भी नियोजक की तरफ से ही लक्ष्मण सिंह एस डी ओ टी का परीक्षण नहीं कराया और न ही नियोजक साक्षी केशर सिंह ने उक्त तथ्यों का अपने

शपथ पत्र में प्रतिवाद किया। इन परिस्थितियों में नियोजक का यह कथन भी अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य से साबित नहीं है कि श्रमिक स्वेच्छा से काम छोड़कर चला गया हो। तर्क के लिए यह मान भी ले कि श्रमिक ने स्वयं से 31-7-87 के बाद से आना बंद कर दिया था और स्वेच्छा से अपना काम त्याग दिया था तो भी यह एक दुराचरण था जिस बाबत नियोजक से अपेक्षायी कि वह श्रमिक पर आरोप लगाकर नियमानुसार घरेलू जॉब कराकर अपने प्रमाणित स्थाई आदेशों के अनुसार दण्ड देता । इस विषय में रोबर्ट डिसूजा का केस 1982(1) एल.एल.एन. 257 का उल्लेख किया जा सकता है । जिसके तथ्य भी विवेचनाधीन विवाद के तथ्यों से मिलते जुलते थे क्योंकि वहां पर भी आकस्मिक श्रमिक गैर हाजिर हो गया था और माननीय उच्चतम न्यायालय का यह मत था कि—

> "Absence without leave constitutes Misconduct and it is not open to an employer to terminate services without notice and enquiry or at any rate without complying with the minimum Principles of Natural Justice."

इस विषय में बम्बई उच्च न्यायालय के न्याय दृष्टान्त 1988 (1) एल.एल.एन. पेज 259, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का 1986 (1)एल.एल.एन. पेज–912 उड़ीसा उच्च न्यायालय 1990(1) एल.एल.एन. 924 के न्याय दृष्टान्तों का भी उल्लेख किया जा सकता है । अतः नियोजक द्वारा उठाई गई आपत्ति प्रत्येक दृष्टिकोण से परखने पर भी आधारहीन पाई जाती है और अपास्त की जाती है ।

10. नियोजक प्रतिनिधि का एक तर्क यह भी था कि यह श्रमिक मस्ट्रोल पर केजुअल लेबर के रूप में टेम्प्रेरी कार्य के लिए रखा गया था। हालांकि क्लेम के प्रतिउत्तर में स्पष्ट नहीं किया गया कि उपरोक्त टेम्प्रेरी कार्य क्या था और कब शुरू हुआ था और कब समाप्त हुआ था । नियोजक साक्षी केशरसिंह ने भी अपने शपथ पत्र में उपरोक्त कार्य के सीजनल कार्य की व्याख्या नहीं की है कि उक्त कार्य क्या था किस तरीके का शुरू हुआ था और किस तारीख को समाप्त हुआ था और न ही श्रमिक जगराम से इस विषय में प्रति-परीक्षा की गई है तर्क के लिए यह भी मान ले कि श्रमिक को दैनिक वेतन पर मस्ट्रोल पर आकस्मिक सीजनल कार्य के लिए रखा गया था तो भी इससे श्रमिक के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता और उसे औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के लाभकारी प्रावधानों से वंचित नहीं किया जा सकता । इस विषय में उड़ीसा उच्च न्यायालय के न्याय दृष्टान्त 1990 (1) एल.एल.एन. 131 तथा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्याय दृष्टान्त 1990 (2) एल.एल.एन. 714 का उल्लेख किया जा सकता है । अंतिम प्रयास के रूप में नियोजक प्रतिनिधि का तर्क यह था कि 1-8-87 के उपरांत श्रमिक ने सर्वप्रथम 13-2-89 को ही रजिस्टर्ड नोटिस द्वारा सेवा मुक्ति की आपत्ति की है और विवाद विलम्ब से उठाया गया है । हालांकि श्रमिक ने अपने क्लेम की चरण सं. 3 में ही दर्ज कर दिया था कि उसने सेवा मुक्ति के उपरांत से कई बार व्यक्तिगत सम्पर्क कार्य पर लेने बाबत नियोजक से किया था परन्तु उसकी सुनवाई नहीं की । अपने शपथ पत्र की चरण सं. 4 में भी श्रमिक ने उक्त तथ्यों का उल्लेख किया है । परन्तु श्रमिक के अपुष्ट कथनों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि श्रमिक ने यह प्रकट नहीं किया कि उसने मौखिक रूप से कब कब और नियोजक के किस अधिकारी को निवेदन किया था । नियोजक साक्षी केशर सिंह से भी इस विषय में प्रतिपरीक्षा में सुझावात्मक प्रश्न नहीं किये गये हैं । इसलिए श्रमिक द्वारा विवाद विलम्ब से उठाया गया है। हालांकि औद्योगिक विवाद उठाने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है परन्तु अगर विवाद उठाने में श्रमिक की तरफ से कोई विलम्ब हुआ होता है तो उक्त अवधि का वेतन श्रमिक प्राप्त नहीं कर सकता । श्रमिक से अपेक्षा थी कि 31-7-87 के उपरांत शीघ्रताशीघ्र अथवा छः माह में ही अपना विवाद समझौता अधिकारी के समक्ष खड़ा करता । इसलिए यह श्रमिक 1 फरवरी 88 से 13 फरवरी 89 तक की अवधि का वेतन प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

11. तथ्यों और विधि के उपरोक्त समस्त कारणों से इस निर्देश का अभिनिर्णय निम्न प्रकार से किया जाता है कि—

श्रमिक जगराम केजुअल लेबर की 1-8-87 से सेवा मुक्ति उचित एवं वैध नहीं है और इसे इसके पद पर नियोजित घोषित किया जाता है । इसकी सेवा की निरन्तरता कायम रखी जाती है और इसे 1 फरवरी 88 से 13 फरवरी 89 अवधि तक के वेतन के अलावा शेष अवधि का वेतन दिलाया जाता है । नियोजक से अपेक्षा है कि यह अधिनिर्णय के प्रकाशन के तीन माह के अन्दर श्रमिक को सेवा में लेते हुए उक्त राशि अदा करेगा अन्यथा इस राशि पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज भी देना पड़ेगा । 100रु. हर्जा खर्चा भी दिलाया जाता है । उक्त आशय का अवार्ड पारित किया जाता है जिसे वास्ते प्रकाशन केन्द्र सरकार को अंतर्गत धारा 17(1) अधिनियम भेजा जाये ।

जगत सिंह, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 21 जुलाई, 1992

का. आ. 2283—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एस.डी.ओ. (टी) सवाई माधोपुर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 16–7–92 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल–40012/25/88–डी-2(बी) (पार्ट)]

के.वी.बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 21st July, 1992

S.O. 2283.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of SDO (T) Sawaimadhopur and their workmen, which was received by the Central Government on 16-7-92.

[No. I-40012|25|88-D-II(B)(Pt.)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर ।

केस नं. सी. आई. टी./124/89

केन्द्र सरकार श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एल. 40012/25/83-डी-21(बी) दिनांक 2-11-89

अब्दुल सामद खान मार्फत श्री प्रेम कृष्ण शर्मा एडवोकेट, 49, विवेक नगर स्टेशन रोड, जयपुर।

बनाम

एस. डी. ओ. (टी) संचार विभाग, हिण्डोन सिटी सवाईमाधोपुर।

उपस्थिति

माननीय न्यायाधीश श्री जगत सिंह, आर. एच. जे. एम.

श्रमिक पक्ष की ओर से : श्री एम. एफ. बेग
नियोजक पक्ष की ओर से श्री एल. सी. चौधरी
दिनांक अवार्ड : 29-5-92

अवार्ड

केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित विवाद उस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय अपनी अधिसूचना सं. एल. 40012/25/88-डी-2(बी) दि. 2-11-89 के द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 101(10) के अंतर्गत प्रेषित किया है—

"Whether the action of the management of SDO(T), Deptt. of Tele-communiation, Hindaun City, Distt. Sawaimadhopur is justified in terminating the services of Shri Abdul Samad Khan w.e.f. 9-4-85? If not, to what relief the workman is entitled?"

2. प्रार्थी अब्दुल समद जिसे तत्पश्चात् श्रमिक सम्बोधित किया जायेगा, ने जरिये क्लेम प्रकट किया कि उसने उपमंडल अधिकारी तार हिण्डोन के यहां वाहन चालक के पद पर दिनांक 3-5-84 से 8-4-85 तक काम किया है और इस प्रकार 327 दिवस तक काम किया था फिर भी उसे अप्रार्थी ने बिना कारण बताये काम से अलग कर दिया। श्रमिक यह भी कहता है कि जिस पद पर वह काम करता था वह स्थाई था और नियोजक के पास उस काम की कमी नही थी। सेवामुक्त करते समय उसे न तो नोटिस दिया अथवा नोटिस की एवज में एक माह का वेतन भी नहीं दिया और न ही छंटनी भत्ता दिया गया है इस प्राकार धारा 25एफ की भी अवहेलना की गई है। सेवा मुक्ति से पूर्व वरिष्ठता सूची नही बनाई गई तथा सेवामुक्ति के समय उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी कार्यरत थे इसलिए धारा 25जी और नियम-77 का भी उल्लंघन किया है। सेवामुक्ति के उपरांत नई नियुक्तियां काफी तादाद मे की गई थी और उसे सूचना तक भी नहीं दी गई इसलिए धारा 25(एच) का भी उल्लंघन किया है। श्रमिक का कहना है कि सेवामुक्ति की दिनांक से यह बेरोजगार बैठा है इसलिए उसे सवेतन नियोजित किया जाये।

3. अप्रार्थी ने जरिये प्रतिउत्तर यह तो स्वीकार किया कि अब्दुल सामद ने जीप सं. आर. एस. डी. 1727 पर दि. 3-5-84 से 8-4-85 तक दैनिक वेतनभोगी चालक के रूप में 327 दिस काम किया है। पर जीप खराब हो गई तथा कार्य के योग्य नहीं रही इसलिए श्रमिक का दैनिक मजदूरी पर काम करने के लिए कहा गया परन्तु श्रमिक ने दैनिक मजदूरी के पद पर कार्य करने से मना कर दिया और स्वयं कार्य छोड़कर चला गया। नियोजक के अनुसार श्रमिक स्वयं कार्य छोड़कर गया था इसलिए उसे एक माह का नोटिस अथवा उसकी एवज मे एक माह का वेतन देने का औचित्य नहीं था इससे कनिष्ठ व्यक्ति चालक के पद पर कार्यरत नहीं थे और न ही इसकी सेवा मुक्ति के उपरांत किसी चालक को नियुक्त किया गया। सेवामुक्ति के उपरांत सन् 1988 में हिण्डोन उप मंडल में वाहन आर. जे. यू. 8190 उपलब्ध हुई थी उस पर दैनिक मजदूरी चालक के पद पर कार्य लिया है। श्रमिक ने सेवामुक्ति के उपरांत 4-1-87 से 29-1-87 तक वाहन चालक के पद पर दैनिक वेतन पर कार्य किया है। श्रमिक की असावधानी से वाहन सं. आर. एस. डी. 4241 का इंजन गर्म हो गया और काम करना बंद कर दिया। अपने कथनों के समर्थन में श्रमिक ने स्वयं का शपथ पत्र पेश किया जिसे सत्यापित किया गया। श्रमिक से नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की तथा प्रलेखिक साक्ष्य में डब्ल्यू-1 लगायत डब्ल्यू-6 प्रलेख की फोटो प्रति पेश की। इसके विपरीत नियोजक की तरफ से श्री हाकिम सिंह ने शपथ पत्र पेश किया जिससे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की। तत्पश्चात् मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक सुना।

4. क्लेम के प्रति उत्तर में ही नियोजक यह स्वीकार करते है कि 3-5-84 से 8-4-85 तक इस श्रमिक ने 327 दिवस कार्य किया है। इसलिए उच्च स्वीकारोक्ति के आधार पर ही यह तो साबित है कि 9-4-85 को समाप्त हुए एक कलैंडर वर्ष में इस श्रमिक ने 240 दिवस से अधिक कार्य कर लिया था और यह धारा 25एफ के लाभकारी प्रावधानों का अधिकारी था। निर्विवाद रूप से नियोजक ने न तो श्रमिक को एक माह का नोटिस दिया और न ही नोटिस वेतन दिया यहा तक कि छंटनी भत्ता भी नहीं दिया गया इसलिए धारा 25एफ की अवहेलना हुई है, जिससे सेवामुक्ति स्वतः ही अनुचित एवं अवैध तथा शून्य हो जाती है।

5. श्रमिक का क्लेम में यह भी कथन है कि सेवा मुक्ति के समय उससे कनिष्ठ व्यक्ति कार्यरत थे परन्तु उसने

किसी व्यक्ति का नाम न तो क्लेम मे दर्ज किया और न ही अपने शपथ पत्र मे बताया यहा तक कि नियोजक साक्षी श्री हाकिम सिह से भी इस विषय मे प्रतिपरीक्षा नही की गई इसलिए यह साबित नही है कि दिनाक 9–4–85 को श्रमिक से कनिष्ठ कोई वाहन चालक अप्रार्थी की सेवा मे कार्यरत हो । और धारा 25 जी की अवहेलना करना साबित नही होता है ।

6 क्लेम मे श्रमिक का यह भी कथन है कि सेवामुक्ति के उपरात काफी तादाद मे नई नियुक्ति की गई है । शपथ पत्र की चरण स. 5 मे श्रमिक ने दर्ज किया है कि उसे अलग करने के बाद सर्वश्री उमराव सिह, महेश व अशोक को रखा गया था, प्रतिपरीक्षा मे भी श्रमिक कहता है आर एल डी 1727 नम्बर की जीप पर हटाने के बाद अशोक को लगाया है । नियोजक साक्षी श्री हाकिम सिह की अपने शपथ पत्र की चरण स 9 मे स्वीकार करता है कि अगस्त 88 मे नये वाहक की उपलब्धि पर अशोक, महेश व उमराव सिह को चालक के कार्य पर रखा गया था इन परिस्थितियो मे यह भी साबित है कि सेवामुक्ति के बाद से अन्य उक्त व्यक्तियो को चालक के पद पर रखा गया जिसकी सूचना इस श्रमिक को नही दी गई इस प्रकार धारा 25एच के लाभकारी प्रावधानो की अवहेलना हुई है ।

7 क्लेम में श्रमिक यह भी दर्ज करता है कि सेवामुक्ति के पूर्व वरिष्ठता सूची नही बनाई गई जिस तथ्य को क्लेम के प्रतिउत्तर मे अस्वीकार नही किया गया है नियोजक साक्षी हाकिम सिह प्रतिपरीक्षा मे स्वीकार करता है कि केजुअल वर्कस की वरिष्ठता सूची नही होती इन परिस्थितियो मे नियोजक की तरफ से राजस्थान औद्योगिक विवाद नियमावली, 1958 के नियम–77 का भी उल्लघन किया गया है ।

8 क्लेम के प्रतिउत्तर मे नियोजक का कथन यह था कि जीप स.आर एस डी 1727 खराब हो गई थी और दैनिक मजदूरी के पद पर श्रमिक ने कार्य करने से मना कर दिया था और यह स्वय कार्य छोडकर चला गया। उक्त विषय मे प्रतिपरीक्षा करने पर श्रमिक कहता है कि वाहन स 1727 जीप खराब नही हुई थी चालू हालत मे थी । यह गलत है कि जीप खराब होने पर वह काम पर नही आता था, यह भी गलत है कि दि 9–4–85 से वह खुद काम छोडकर चला गया था बल्कि सन् 85 से 87 तक मैने कई बार एस.डी ओ.टी पुष्कर साहब से कहा था कि मुझे काम पर लगालो जो मुझे तसल्ली देते रहे । नियोजक साक्षी हाकिम सिह ने अपने शपथ पत्र मे तो यह दर्ज किया है कि दि 28–3–85 से वाहन स. आर.एस.डी. 1727 कार्य के योग्य नही रहा और उसके बाद दुबारा ठीक नही हुआ परन्तु इसकी अपुष्ट साक्ष्य पर निर्भर नही किया जा सकता विशेषकर उस रूप मे जबकि श्रमिक ने उक्त तथ्य को अस्वीकार किया है । नियोजक से अपेक्षा थी कि वे वाहन स आर० एस० डी० 1727 की अयोग्यता बाबत कोई प्रतेखिक अथवा अन्य विश्वसनीय मौखिक साक्ष्य पेश करत । उक्त वाहन की लागबुक तक प्रस्तुत नहीं की गई है । अत नियोजक का यह कथन साक्ष्य के अभाव मे साबित नही पाया गया है ।

9 नियोजक का दूसरा कथन यह है कि श्रमिक स्वय कार्य छोडकर चला गया। मेरी राय मे उक्त कथन को भी हाकिम सिह के अपुष्ट कथनो पर साबित नही माना जा सकता क्योकि श्रमिक का स्वय द्वारा काम छोडकर जाने का कोई औचित्य नही था । नियोजक ही यह स्वीकार करते है कि जनवरी 87 मे श्रमिक ने जीप स० आर०एस०डी० 4241 चलाई थी। राजस्थान उच्च न्यायालय की खडपीठ ने डी बी सिविल रिट पिटी. स 129/87 मदन सिह बनाम श्रम न्यायलय जयपुर निर्णय दिनाक 22–4–87 द्वारा भी यह व्यवस्था दी है कि कोई भी व्यक्ति सामान्यत अपनी सेवाओ का त्याग नही करता जब तक कि उसे कोई लाभप्रद नियोजक नही मिल जाये तथा पद त्यागने का मामला तो तथ्यो से सबधित है तो साक्ष्य द्वारा ही साबित करना अपेक्षित है । यह भी व्यवस्था दी है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा–2 (ओओ) मे पद त्यागना छटनी की छूट (एक्जेम्पशन) मे नही आता है। विवेचनाधीन विवाद में भी नियोजक की तरफ से ऐसी साक्ष्य नही आई है जिससे श्रमिक का पद त्यागना साबित हो । तर्क के लिए यह मान भी ले कि श्रमिक ने स्वय ने अपना पद त्याग दिया था तो भी यह एक दुराचरण था जिसके लिए नियोजक से अपेक्षा थी कि वह नियमानुसार आरोप समाकर जाच कर श्रमिक को दण्डित करता। इस विषय मे बम्बई उच्च न्यायालय का न्याय दृष्टान्त 1988(2) एल.एल.एन. पेज–259 के अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय के रोबर्ट डिसूजा के न्याय दृष्टान्त 1982(1) एल.एस एन 257 का उल्लेख किया जा सकता है । जिसमे भी आकस्मिक श्रमिक द्वारा अनुपस्थित होने पर सेवामुक्ति की गई थी। इस विषय मे उडीसा उच्च न्यायालय के न्याय दृष्टान्त माधवानन्दा बनाम उडीसा इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड 1990 (1) एल.एच एन 924 न्याय दृष्टान्त का भी उल्लेख किया है । उपरोक्त न्याय दृष्टान्तो मे मेरी राय मे नियोजक का यह तर्क भी चलने योग्य नही है और यह अपास्त किया जाता है ।

10 नियोजक प्रतिनिधि का एक तर्क यह था कि 9-4-85 के उपरात श्रमिक ने सन् 1988 मे यह विवाद खडा किया है और इसलिए उक्त अवधि के वेतन बाबत नियोजक को उत्तरदायी नही ठहराया जा सकता । श्रमिक ने अपने क्लेम मे विलब के कोई कारण का उल्लेख नही किया । अपने शपथ पत्र की चरण स 10 मे यही दर्ज किया है कि उसने प्रबन्धको से कई बार काम पर लेने हेतु निवेदन किया परन्तु कोई ध्यान नही दिया गया । दिनाक 4-1-87 से 29-1-87 तक कुल 24 दिन उसे वाहन स आर एस डी 4241 पर लगाया गया था । श्रमिक के अपुष्ट कथनों पर विश्वास नही किया जा सकता कि उसने सेवामुक्ति के उपरात अनेको बार काम पर लेने के लिए प्रबंधको को कहा हो विशेषकर उस परिस्थिति मे जबकि नियोजक साक्षी हाकिम सिह से प्रतिपरीक्षा मे ऐसे सुझावात्मक प्रश्न नही पूछे गये । श्रमिक की तरफ से

असफल वार्ता प्रतिवेदन की भी फोटोप्रति पेश की गई है जिसमें भी यह उल्लेख नहीं मिलता कि इस श्रमिक ने सेवा मुक्ति के उपरांत काम पर लेने बाबत प्रबंधकों को मौखिक एवं प्रलेखिक निवेदन किया हो । इसके द्वारा यही निष्कर्ष निकलता है कि सन् 88 में सर्वप्रथम श्रमिक ने समझौता अधिकारी के समक्ष आवेदन किया था । जो मेरी राय में काफी विलम्बित था । श्रमिक से अपेक्षा थी कि वह 9-4-85 के शीघ्र उपरांत अथवा एक छ माह के समय में ही समझौता अधिकारी के यहां आवेदन करता । अत: इन परिस्थितियों में 1 जनवरी 86 से 31 जनवरी 88 तक की अवधि का वेतन प्राप्त करने का श्रमिक अधिकारी नहीं है ।

11. तथ्यों और विधि के उपरोक्त समस्त कारणों से इस रेफरेंस का अधिनिर्णय निम्न प्रकार से किया जाता है कि—

श्रमिक अब्दुल समद को दिनांक 9-4-85 से वाहन चालक के पद से सेवा मुक्त करना उचित एवं वैध नहीं है और इसे वाहन चालक के पद पर नियोजित घोषित किया जाता है इसकी सेवा की निरन्तरता कायम रखी जाती है तथा इस श्रमिक को 1-1-86 से 31-1-88 तक की अवधि का वेतन नहीं दिलाया जाता है तथा शेष अवधि का वेतन दिलाया जाता है तथा इसे 100 रु. खर्चा मुकदमा भी दिलाया जाता है । उक्त आशय का अवार्ड पारित किया जाता है जिसे वास्ते प्रकाशनार्थ केन्द्र सरकार को अंतर्गत धारा 17 (1) अधिनियम भेजा जाये ।

जगत सिंह, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 21 जुलाई, 1992

का.आ. 2284.— औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डिवीजनल इंजीनियर जोधपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 16-7-92 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-40012/121/90-आई. आर. (डी-यू.) (पार्ट)]

के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 21st July, 1992

S.O. 2284.—In pursuance of Sectjon 17 of the Industiral Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Divisional Eng. Jodhpur and their workmen, which was received by the Central Government on 16-7-92.

[No. L-40012/121/90-IR(DU)(Pt.)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई. टी. 9/1991

रेफरेंस : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल-40012/121/90 आई. आर. (डी. यू.) दिनांक 31-1-91

श्री शमसुदीन सुपुत्र श्री उम्मेद खां निवासी सिन्धियों की धाणी गांव मलार, तहसील शेरगढ़ जिला जोधपुर ।

---- प्रार्थी

बनाम

डिवीजनल इंजीनियर, जोधपुर ।

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री जगतसिंह जी, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर . श्री एम.एफ. बेग

अप्रार्थी की ओर से : श्री प्रवीण बलवदा

दिनांक अवार्ड : 30 मई, 1992

अवार्ड

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10 (1) (घ) के अन्तर्गत प्रेषित किया है :

"Whether the action of the management of Deptt. of Telecommunication in terminating the services of Shri Samsuddin S/o Shri Umed Khan, daily rated workman w/e.f. 6-5-86 is justified? If not what relief is the workman concerned entitled to ?"

2. प्रार्थी शमसुदीन जिसे तत्पश्चात श्रमिक संबोधित किया है, ने जरिये क्लेम प्रकट किया कि उसने फरवरी 1982 में कैज्युअल लेबर के पद पर उप-मण्डल अधिकारी फोन्स द्वितीय जोधपुर के अधीन नियुक्त किया गया था जहां पर उसने जनवरी 1984 तक निरंतर कार्य किया था । तत्पश्चात उसे सेवा पृथक कर दिया और पुन. कार्य पर लगाने हेतु निरंतर आश्वासन दिया जाता रहा। श्रमिक का कहना है कि 7 जुलाई 1985 को उसे उप मण्डल अधिकारी तार प्रताप नगर जोधपुर ने कैज्युअल लेबर के रूप में पुन. नियुक्त किया जहां पर उससे 6 मई 1986 तक निरंतर कार्य लिया गया । 7-5-86 को मौखिक आदेश द्वारा सेवा मुक्त कर दिया । श्रमिक के अनुसार 6-5-86 को समाप्त हुए एक कलैण्डर वर्ष में उसने 240 दिवस से अधिक कार्य कर लिया था फिर भी उसे धारा 25-एफ के प्रावधानों का लाभ नहीं दिया, अर्थात् एक माह का नोटिस या उसे एवज में एक माह का वेतन भी नहीं दिया और न ही छंटनी भत्ता दिया । यहां तक कि छंटनी का कोई कारण नहीं बताया और न ही छंटनी की सूचना केन्द्रीय सरकार को दी गई । श्रमिक यह भी कहता है कि छंटनी से पूर्व नियमानुसार वरीयता सूची प्रकाशित नहीं की गई और सेवा मुक्ति के समय कनिष्ठ लोगों को नियोजित रखा गया । इस प्रकार धारा 25-जी व नियम 77 का भी उल्लंघन किया है । सर्वश्री जालाराम, पपाराम, माधोसिंह, लालसिंह, राम लाल व गोरधन राम श्रमिक से कनिष्ठ व्यक्ति सेवा मुक्ति के समय नियोजन में थे । सेवा मुक्ति के उपरांत भी नई नियुक्तियां की गई थीं जिस बाबत श्रमिक को सूचना नहीं दी गई और धारा 25-एच का भी उल्लघंन किया है । श्रमिक की प्रार्थना है कि उसे संवेतन सेवा में बहाल किया जाये और ब्याज सहित समस्त राशि दिलवाई जाये ।

3. अप्रार्थी ने जरिये प्रत्युत्तर प्रकट किया कि जुलाई 1985 में इस मण्डल में श्रमिक को रखा गया था और 7-5-86 से श्रमिक अपनी मर्जी से अनुपस्थित रह रहा है। नियोजक के अनुसार श्रमिक ने एक वर्ष में 240 दिवस अवश्य कार्य किया है परंतु वह स्वयं ही कार्य छोड़कर चला गया इसलिए नोटिस जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है और न ही वह एक माह के वेतन का अधिकारी है। उसकी छंटनी नहीं की गई है इसलिए छंटनी भत्ते का भी अधिकारी नहीं है। उसे मौखिक आदेश द्वारा काम पर आने से मना नहीं किया बल्कि 7-5-86 से कई दिन उसकी अनुपस्थिति भी मस्टररोल पर लगाई गई थी। नियोजक का कहना है कि 7-5-86 के उपरांत कभी भी उसने अप्रार्थी से यह मालूम नहीं किया कि उसके साथी काम कर रहे हैं और लगभग 5 वर्ष अनुपस्थित रहा है। इसलिए उसे नौकरी देने का आधार नहीं बनता और धारा 25-एच का भी उल्लंघन नहीं होता है।

4. अपने कथनों के समर्थन में श्रमिक शमसुदीन ने अपना स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर सत्यापित कराया जिससे नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की प्रालेखिक साक्ष्य में डब्ल्यू-1 व 2 प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियां पेश की गई हैं। इसके विपरीत नियोजक की ओर से श्री विजय राज कर्नावट ने शपथ पत्र पेश किया जिससे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की। तत्पश्चात मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक सुना।

5. क्लेम के प्रत्युत्तर में ही नियोजक ने स्वीकार किया है कि इस श्रमिक ने जुलाई 1985 से 6-5-86 तक उनके यहां कार्य किया है और एक कलैण्डर वर्ष में 240 दिवस से अधिक कार्य पूरा कर लिया था। नियोजक का कहना था कि उन्होंने श्रमिक की छंटनी नहीं की बल्कि उसने स्वयं ही 7 मई 1986 से काम पर आना बंद कर दिया। नियोजक के उक्त कथनों में सत्यता का आभास नहीं होता है क्योंकि सामान्यतः तब तक कोई व्यक्ति अपनी नौकरी छोड़कर नहीं जाता तब तक कि उसे अन्यत्र कोई लाभप्रद नियोजन नहीं मिल जाता हो। नियोजक का यह कथन नहीं है कि श्रमिक को अन्यत्र कोई नौकरी मिल गई हो न क्लेम के अनुसार ही अपने शपथ पत्र में भी श्रमिक ने दर्ज किया है कि उप मण्डल अधिकारी तार जोधपुर ने 6 मई 1986 को उसे मौखिक रूप से यह कहा कि तुम्हारे कार्य की आवश्यकता नहीं है और सेवा मुक्त कर दिया। प्रतिपरीक्षा में भी श्रमिक कहता है 6 मई 1986 को उसे मौखिक आदेश से नौकरी से हटा दिया वह स्वयं गैर हाजिर नहीं रहा। 6 मई 1986 के बाद भी वह कार्यालय में नौकरी पर गया था लेकिन उसे नौकरी में नहीं रखा। परंतु फिर भी नियोजक के प्रतिनिधि ने प्रतिपरीक्षा में श्रमिक से यह नहीं पूछा कि किस अधिकारी ने उसे मौखिक रूप से सेवा मुक्त किया था। 6 मई 1986 को श्री विजय कर्नावट उप मण्डल अधिकारी जोधपुर में नहीं थे। नियोजक साक्षी को यह भी पता नहीं है कि 6-5-86 को उप मण्डल अधिकारी जोधपुर कौन थे। इसलिए श्री विजय राज कर्नावट के उपरोक्त अपुष्ट मौखिक कथनों के आधार पर यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि 7-5-86 को श्रमिक ने स्वयं ने काम पर आना बंद कर दिया हो। तर्क के लिए यह मान भी लिया जाय कि 7-5-86 से श्रमिक ने स्वयं ने काम पर आना बंद कर दिया था तो भी राजस्थान उच्च न्यायालय की खण्ड पीठ के न्याय दृष्टान्त डी.बी. सिविल रिट पिटीशन न. 129/87 बदन सिंह बनाम श्रम न्यायालय जयपुर के निर्णय दिनांक 22-4-87 के अनुसार पद त्यागना औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2 (100) में दी गई छंटनी की छूट में नहीं आता इसलिए चाहे श्रमिक ने पद त्यागा हो वह छंटनी की ही परिभाषा में आयेगा। राबर्ट डिसूजा के न्याय दृष्टान्त 1982 (1) एल.एल.एन. 257 में भी माननीय उच्चतम न्यायालय ने आकस्मिक श्रमिक द्वारा ड्यूटी से गैर हाजिर होने पर यह व्यवस्था दी थी कि उक्त पद त्याग दुराचरण था जिसके लिए नियोजक से अपेक्षा थी कि वह अपने सेवा नियमों के अनुसार आरोप अधिरोपित कर नियमानुसार जांच कराकर श्रमिक को दण्डित करते। इस विषय में 1988 (1) एल.एल.एन. 259, 1986 (1) एल.एल. एन. 912 तथा 1990 (1) एल.एल.एन. 924 के न्याय दृष्टान्तों का भी उल्लेख किया जा सकता है। अतः उपरोक्त समस्त कारणों से प्रत्येक दृष्टिकोण से परखने पर भी मेरी राय में 7-5-86 से श्रमिक की छंटनी ही की गई थी जो धारा 25-एफ के प्रावधानों के विपरीत होने से अनुचित, अवैध एवं शून्य हो जाती है।

6. श्रमिक का यह भी कथन है कि 7-5-86 को सेवा मुक्ति से पूर्व वरिष्ठता सूची नहीं बनाई गई और नियम 77 का उल्लंघन किया है तथा सेवा मुक्ति के समय उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी कार्य कर रहे थे तथा सेवा मुक्ति के उपरांत नये व्यक्तियों को भी नियोजित किया गया है। उक्त तथ्यों को क्लेम के प्रत्युत्तर में भी नियोजक ने स्पष्ट अस्वीकार नहीं किया और जब श्रमिक ने क्लेम के अनुसार ही अपने शपथ पत्र में भी यह दर्ज किया कि सेवा मुक्ति के समय उससे कनिष्ठ व्यक्ति कार्य कर रहे थे और सेवा समाप्ति के उपरांत नई नियुक्तियां की गई हैं और वरिष्ठता सूची नहीं बनाई गई तो इस विषय में श्रमिक के प्रति परीक्षा भी नहीं की गई और न ही नियोजक साक्षी श्री कर्नावट ने अपने शपथ पत्र में इस विषय में उक्त तथ्यों का प्रतिवाद किया। इन परिस्थितियों में धारा 25-जी व 25 एच तथा नियम 77 का भी उल्लंघन हुआ है।

7. अप्रार्थी नियोजक के प्रतिनिधि का तर्क यह था कि 6 मई, 1986 के उपरांत करीब 5 साल बाद यह विवाद उठाया गया है इसलिए उक्त अवधि के वेतन का भार नियोजक पर नहीं डाला जा सकता। अपने क्लेम व शपथपत्र में श्रमिक ने उक्त विलंब बाबत कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है और न ही नियोजक साक्षी श्री करनावट से उक्त विषय में प्रति परीक्षा की है। श्रमिक से अपेक्षा थी कि वह 7-5-86 के तुरंत उपरांत यथासंभव समझौता अधिकारी के समक्ष विवाद खड़ा करता जिस त्रुटि के लिए श्रमिक को 7 मई, 1986 से 7 मई 1990 तक की अवधि का वेतन नहीं दिलाया जा सकता।

8. तथ्यों और विधि के उपरोक्त समस्त कारणों से इस निर्देश का अधिनिर्णय निम्न प्रकार से किया जाता है

"श्रमिक शमसुद्दीन की 6-5-86 से सेवा मुक्ति उचित एवं वैध नहीं है और इसे इसके पद पर नियोजित घोषित किया जाता है। इसकी सेवा की निरन्तरता कायम रखी जाती है। 7-5-86 से 7-5-90 तक की अवधि का वेतन श्रमिक को नहीं दिलाया जाता है। इसके उपरांत का वेतन व अन्य सभी लाभ श्रमिक को दिलाये जाते हैं। 100 रुपये खर्चा मुकदमा भी दिलाया जाता है। अगर इस पंचाट के प्रकाशन के तीन माह के भीतर नियोजक उक्त राशि अदा नहीं करेगा तो 12 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देना पड़ेगा।"

9. अवार्ड की प्रति भारत सरकार को प्रकाशनार्थ अन्तर्गत औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 17 (1) के भेजी जावे।

जगत सिंह, पीठासीन अधिकारी

नई दिल्ली, 21 जुलाई, 1992

का. आ. 2285.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एस डी ओ (टेलीग्राफ) सूरतगढ़ के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 16-7-92 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल – 40012/27/90 – आई आर (डी यू) (पी टी)]

के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 21st July, 1992

S.O. 2285.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of SDO (Telegraph) Suratgarh and their workmen, which was received by the Central Government on 16-7-92.

[No. L-40012|27|90-IR(DU)(Pt.)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 1/1991

रैफरेंस : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्रमांक एल – 40012/27/90 आई. आर. (डी यू) 18-12-90

श्री राम रतन सिंह, पुत्र श्री लालमन जाति सक्सैना जरिये महामंत्री भारतीय मजदूर संघ, जे. सी. टी. मिल के सामने श्रीगंगानगर।

—प्रार्थी

बनाम

उप मण्डल अधिकारी (तार) एस. डी. ओ. (टी) सूरतगढ़ जिला श्री गंगानगर (राजस्थान)

—अप्रार्थी

उपस्थित

माननीय न्यायाधीश श्री जगतसिंह जी, आर. एच. जे. एस

प्रार्थी की ओर से :	श्री जयवीर सिंह यादव
अप्रार्थी की ओर से :	श्री प्रवीण बलवदा
दिनांक अवार्ड :	30 मई, 1992

अवार्ड

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा निम्न विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है :

"Whether the action of the management of Sub-Divisional Officer (Telegraphs) Suratgarh in terminating the services of Shri Ram Ratan Singh w.e.f. 22-6-88 is justified? If not, what relief he is entitled to?"

2. प्रार्थी राम रतन सिंह, जिसे तत्पश्चात श्रमिक संबोधित किया है, ने जरिये क्लेम प्रकट किया कि उसे अप्रार्थी मण्डल अधिकारी (तार), सूरतगढ़ जिला गंगानगर द्वारा 24-6-81 को दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में स्थाई व स्वीकृत पद के विरुद्ध नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के दिनांक से ही श्रमिक ने पूर्ण लगन व मेहनत से ड्यूटी अंजाम दी थी परन्तु नियोजक प्रार्थी को बीच-बीच में हटा देता था पूछने पर यही जवाब दिया जाता कि कुछ समय ठहर कर आ जाना फिर काम पर ले लिया जायेगा, श्रमिक चक्कर पर चक्कर लगाता रहता था जिस पर कभी काम पर रख लिया जाता तो कभी हटा दिया जाता था। यही क्रम 24-6-81 से 20-6-88 तक चलता रहा। श्रमिक का कहना है कि 24-6-81 से मार्च, 1982 तक उससे लगातार कार्य लिया है फिर दिसम्बर 1982 में 14 दिन के लिए पुनः काम पर लगाया। इसके बाद फरवरी, 1983 से अप्रैल 1983 तक व दिसम्बर 1984 से दिसम्बर, 1985 तक, जनवरी 1986 से दिसम्बर, 1986 तक, जनवरी 1987 से 21-6-88 तक कार्य लिया गया है। 22-6-88 को जब वह कार्य पर गया तो उसे अप्रार्थी ने कार्य पर नहीं लिया और पूछने पर बताया कि हमेशा के लिए काम से हटा दिया गया है अब कभी काम के लिए मही आना। श्रमिक कहता है इस पर उसने अपनी यूनियन को शिकायत की कि पुनः कार्य पर उसे लगवाया जाये क्योंकि धारा 25–एफ की पालना किये बिना हटाया है परन्तु फिर भी पुनः सेवा में नहीं लिया गया। श्रमिक का कहना है कि वह 21-5-87 से 15-3-88 तक बीमार रहा था और मेडिकल प्रमाण पत्र भी उसने अप्रार्थी को प्रस्तुत कर दिया था जिसके आधार पर मार्च, 1988 में उसे पुनः कार्य पर ले लिया गया परन्तु जून, 1988 में पुनः हटा दिया। श्रमिक कहता है अप्रार्थी के प्रधान कार्यालय के आदेश के अनुसार 31-3-85 के उपरांत 240 दिन पूरे करने वाले श्रमिकों को सेवा मुक्त करना अवैध व गैर कानूनी है जिस बाबत भी उसने अप्रार्थी को निवेदन किया था परन्तु फिर भी कोई सुनवाई नहीं की। श्रमिक के अनुसार सेवा मुक्ति की दिनांक से ही वह बेरोजगार है तथा उसका शोषण करने की नियत से ही उसे सेवा मुक्त किया गया है। अप्रार्थी के पास काफी काम है। सेवा मुक्ति के समय भी काफी कनिष्ठ श्रमिक कार्यरत थे और हटाने के बाद भी नये श्रमिकों को नियोजित किया है जबकि श्रमिक को सूचना तक नहीं दी गई। इसलिए उसे सवेतन सेवा में बहाल किया जाये।

3. अप्रार्थी नियोजक ने जरिये प्रत्युत्तर कहा है कि श्रमिक ने एक कलैण्डर वर्ष में लगातार 240 दिवस तक कार्य नहीं किया, वह स्वयं कई बार नौकरी छोड़कर चला गया था जिससे अप्रार्थी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। अगस्त 1981 से दैनिक वेतन के आधार पर अस्थाई व कैज्यूअल मजदूर के रूप में श्रमिक ने कार्य करना शुरू किया था। वह 1-4-82 से 31-11-82 तक, 15-12-82 से 31-1-83 तक, 1-5-83 से 30-11-84 तक, 21-5-85 से 31-3-87 तक, 21-5-87 से 15-3-88 तक कार्य पर नहीं आया और स्वयं अनुपस्थित रहा इसलिए किसी भी वर्ष में 240 दिवस लगातार कार्य नहीं किया। अगस्त, 1981 से मार्च, 1982 तक श्रमिक ने 192 दिन कार्य किया है। तत्पश्चात 1-4-82 से 30-11-82 तक गैर हाजिर रहा। दिसम्बर, 1982 में केवल 14 दिन कार्य किया। अप्रैल व मई, 1987 में केवल 38 दिन कार्य किया। 16-3-88 से जून 1988 तक केवल 78 दिन कार्य किया। इसलिए एक कलैण्डर वर्ष में 240 दिवस पूरे करने पर ही 25–एफ के प्रावधान लागू होते हैं और धारा 25–जी व 25–एच की भी अवहेलना

नहीं होती । नियोजक का कहना है कि प्रार्थी को उसी की प्रार्थना पर एक निश्चित परियोजना व लक्षित कार्य हेतु अस्थाई तौर पर रखा गया था ताकि पुरानी सेवा के आधार पर मैडीकल प्रमाण-पत्र पत्र प्राप्त किया स्वीकार किया ।

4. अपने कथनों के समर्थन में श्रमिक राम रतन सिंह ने स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर सत्यापित कराया जिससे नियोजक प्रतिनिधि ने जिरह की । प्रालेखिक साक्ष्य में डब्ल्यू – 1 लगायत डब्ल्यू – 10 फोटो प्रतियां पेश की हैं । इसके विपरीत नियोजक की तरफ से श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया है जिससे श्रमिक प्रतिनिधि ने जिरह की । तत्पश्चात मैंने पत्रावली का निरीक्षण किया और पक्षकारों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक सुना ।

